लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1222

01 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

मेगा इस्पात संयंत्र की स्थापना

1222. डॉ. कुलमणि सामल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पोस्को, कोरियन इस्पात कंपनी ने ओडिशा के जगतसिंह पुर जिले में मेगा इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन का नवीकरण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संयंत्र की स्थापना में देरी के क्या कारण हैं;

(ग) क्या पोस्को की योजना संयंत्र को ओडिशा से देश में कहीं और स्थानांतरित करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख): जी नहीं। ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में मेगा इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए पोस्को के समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) का अभी तक नवीनीकरण नहीं किया गया है, क्योकि कंपनी ने एम.ओ.यू. के नवीनीकरण हेतु अपेक्षित लक्ष्यों को अर्जित नहीं किया है।

ओडिशा राज्य सरकार ने 2082.502 हेक्टेयर अधिसूचित क्षेत्र में लौह अयस्क हेतु पूर्वेक्षणी लाइसेंस के लिए अनुमोदन देने का एक प्रस्ताव खान मंत्रालय, भारत सरकार को दिनांक 01.11.2014 को भेजा है। मामले की जांच चल रही है।

(ग) और (घ) : सरकार को ऐसे किसी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है।

***